Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens

## 16. संविधान दिवस

दिनांक 26.11.2021 को संविधान दिवस पर जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय,कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना ,साहित्यिकसांस्कृतिकसमिति तथा एन.सी.सी.के संयुक्ततत्वावधान में"डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था" विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन जयपुर द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में कुल 24 छात्राओं ने दिये गये लिंक पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात् निबन्ध लेखन में भाग लिया।
महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती मधु खन्ना द्वारा सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की उपस्थिति में संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई।प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक, श्रीमती अनिता मालव, सुश्री प्रीति बैरवा ने प्रतियोगिता का संचालन किया तथा डॉ. सरस्वती अग्रवाल एवं श्रीमती रचना भार्गव प्रतियोगिता के वीक्षक रहे।







समीक्षात्मक रूप से व्याख्या की

▪ जेडीबी साइंस कॉलेज में साहित्यिक सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर निबंध प्रतियोगिता की। कार्यवाहक प्रिंसिपल मधु खन्ना ने संकाय सदस्यों, छात्राओं को संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक, अनिता मालव, प्रीति बैरवा ने प्रतियोगिता का संचालन किया।

Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens


**कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा**
अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001
टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074
ई–मेल आईडी: jdbcollege@gmail.com वेबसाईट: http://www.hte.rajasthan.gov.in


क्रमांक:ईएलसी / जादेब / 2022 / 7092 दिनांक: 15.03.2022

श्रीमान् नोडल अधिकारी स्वीप एवं
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जिला परिषद्, कोटा।

विषय: Encouraging participation of Educational Institutions in the National Voters Awareness Contest-Reg.

संदर्भ: आपका पत्रांक एफ.7(4)विविध / एनएसएस / अकाद / आकाशि / 2021 / 371 दिनांक 14.02.2022 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 से आरम्भ "My Vote is my future-Power of One Vote" थीम पर मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं की विस्तृत रिपोर्ट, फोटोग्राफ व न्यूज पेपर कटिंग संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न:–उपरोक्तानुसार।

15-03-2022
प्राचार्य
जा.दे.ब.राज. कन्या महाविद्यालय,
कोटा

Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा

## स्वीप रिपोर्ट

- जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में दिनांक 16.02.2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस से आरम्भ प्रतियोगिताओं के प्रचार–प्रसार के लिए जागरूकता रैली निकाली।







जेडीबी की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली

कोटा | जेडीबी कॉलेज की ओर से बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस से आरंभ प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रैली निकाली। इलेक्शन प्रभारी डॉ. [illegible] ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से 15 मार्च तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।



छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens




# छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

कोटा 16 फरवरी। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस से आरंभ प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय की ईएलसी प्रभारी डा० जयश्री डावरे ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा 15 मार्च तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिताओं में प्रत्येक आयु, वर्ग का आम नागरिक भाग ले सकता है। छात्राओं को शत् प्रतिशत प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जागरूक किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनिता कोठारी ने बताया कि "मेरा मत, मेरा भविष्य-एक वोट की ताकत" थीम परप्रतियोगिता गई है। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वीप प्रभारी एवं जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ममता तिवाडी के निर्देशानुसार प्रतियोगिता जागरूकता रैली निकाली गई।

Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens

- जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताऐ, ई–प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन, पोस्टर, गीत एवं विडियों निर्माण से सम्बन्धित गतिविधियां आयोजित की गई।







**जेडीबी कॉलेज में स्वीप शाखा की गतिविधियां**

संदेश न्यूज। कोटा. निर्वाचन विभाग की ओर से सोमवार को [illegible] राजकीय कन्या महाविद्यालय स्वीप शाखा के निर्देशानुसार ई-प्रश्नोत्तरी, नारालेखन, पोस्टर, गीत एवं वीडियो निर्माण संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई। महाविद्यालय की [illegible] ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बढ़चढ़कर हिस्सा लिया गया, जिसमें प्रश्नोत्तरी के माध्यम से 500 से अधिक छात्राओं को जोड़ा गया। प्रतियोगिता के दौरान स्लोगन एवं पोस्टर में लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की व्याख्याताओं द्वारा बालिकाओं को मोबाइल पर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दिशा-निर्देश भी दिए।

Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens

# निर्वाचन विभाग की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया

हेडलाइन न्यूज़ | कोटा



निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के तहत सोमवार को जानकी देवी राजकीय बजाज कन्या महाविद्यालय स्वीप शाखा के निर्देशानुसार ई-प्रश्नोत्तरी, नारालेखन, पोस्टर, गीत एवं विडियो निर्माण सम्बन्धित गतिविधियां आयोजित की गयी। महाविद्यालय की ई.एल.सी. क्लब प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बढ़चढ़कर हिस्सा लिया गया, जिसमे प्रश्नोत्तरी के माध्यम से ५00 से अधिक छात्राओं को जोड़ा गया। प्रतियोगिता के दौरान स्लोगन एवं पोस्टर में लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की व्याख्याताओं द्वारा बालिकाओं के मोबाईल पर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को निर्वाचन सम्बन्धित जानकारी से अवगत करवाया गया।

जयश्री

(डॉ. जयश्री डावरे)
स्वीप प्रभारी
जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय कोटा

### 14. मतदाता पंजीकरण हेतु तीन दिवसीय (23.11.2021 से 25.11.2021 तक) शिविर का आयोजन

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में जिला निर्वाचन अधिकारी कोटा द्वारा मतदाता पंजीकरण हेतु तीन दिवसीय (23.11.2021 से 25.11.2021 तक) शिविर का आगाज हुआ। प्रथम दिन शिविर में छात्राओं को Voter Helpline App डाउनलोड करवाकर चरणबद्ध प्रक्रिया से अवगत करवाया तथा मतदाता जागरूकता के लिये प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्वीप प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अनीता मालव ने छात्राओं को मोबाईल पर Voter Helpline App डाउनलोड करवाने में मदद कर उनका सहयोग किया।



17. राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25.01.2022

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में आज दिनांक 25.01.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना, ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने इस अवसर पर छात्राओं को अपने उदबोधन में निर्भिक, निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया और बताया कि भारत लोकतांत्रिक देश है जहां हर 18 साल के प्रत्येक युवा को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है और जिम्मेदार नागरिक होने के कारण मतदान आवश्यक रूप से करना चाहिये ताकि हम देश के लिये सही प्रतिनिधित्व का चयन कर सकें। इस अवसर पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस.सी. पार्ट प्रथम की छात्रा सुश्री सिद्धि जैन ने, द्वितीय स्थान सुश्री महक ने प्राप्त किया। इसी प्रकार तृतीय स्थान बी.एस.सी. पार्ट तृतीय की छात्रा सुश्री पल्लवी ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने पुरस्कृत किया और समस्त संकाय सदस्यों एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को प्राचार्य द्वारा मतदान शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती अनीता मालव एवं श्री विकास जांगिड ने किया।

